TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 01 अगस्त

1. **विश्व स्तनपान सप्ताह–** शिशुओं के लिए माँ का दूध ही सर्वोत्तम आहार है। माँ के दूध से ही शिशुओं को बेहतर पोषण प्राप्त होता है। इसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए प्रत्येक वर्ष 1–7 अगस्त को विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है। पहला विश्व स्तनपान सप्ताह वर्ष 1992 में मनाया गया था।

2. **पुरूषोत्तम दास टंडन का जन्मदिवस–** 'राजर्षि' के उपनाम से मशहूर भारत के क्रांतिकारी पुरूषोत्तम दास टंडन का जन्म 1 अगस्त, 1882 ई. को उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद जिले में हुआ था। वे एक समर्पित राजनयिक, पत्रकार, समाज सुधारक और तेजस्वी वक्ता थे। हिन्दी को भारत की राजभाषा के रूप में प्रतिष्ठित करवाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान था। वर्ष 1950 में वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष बने। वर्ष 1961 में उन्हें भारत का सर्वोच्च पुरस्कार 'भारत रत्न' से भी सम्मानित किया गया।

   - **संदर्भः अतीत से वर्तमान भाग 3, अध्याय 12 'राष्ट्रीय आंदोलन'** तथा **अध्याय 13 'स्वतंत्रता के बाद भारत'** से जोडकर बतायें।

3. **असहयोग आंदोलन की शुरूआत–** 1 अगस्त, 1920ई. को ही महात्मा गांधी ने अंग्रेजों के सख्त और तानाशाही रवैये के खिलाफ असहयोग आंदोलन की शुरूआत की थी। आंदोलन के दौरान विद्यार्थियों ने सरकारी स्कूलों–कॉलेजों को जाना छोड़ दिया। वकीलों ने अदालत जाने से मना कर दिया। कई श्रमिक हड़ताल पर चले गये। देखते ही देखते आंदोलन ने विशाल स्वरूप धारण कर लिया।

   - **संदर्भः अतीत से वर्तमान भाग 3, अध्याय 12 राष्ट्रीय आंदोलन**

4. **ऑक्सीजन की खोज–** वर्ष 1774 में अंग्रेज वैज्ञानिक जोसेफ प्रीस्टले ने पारे के ऑक्साइड (उस समय इसे लाल पारद भस्म कहा जाता था) को एक बंद बर्तन में गर्म किया। इस तरह से जो वायु निकली उसे इकट्ठा कर लिया। जाहिर है कि जो वायु प्रिस्टले ने इकट्ठा किया वह ऑक्सीजन थी। इस प्रकार, प्रीस्टले ने ऑक्सीजन की खोज किया था।

   - **संदर्भः** विज्ञान के अंतर्गत पदार्थ अथवा तत्वों का वर्गीकरण।

5. **जहानाबाद जिला स्थापना दिवस–** जहानाबाद जिले की स्थापना 1 अगस्त, 1986 ई. को हुई थी। इसके उत्तर में पटना, दक्षिण में गया, पूरब में नालंदा और पश्चिम में अरवल जिला है। माना जाता है कि 17वीं शताब्दी में औरंगजेब के शासनकाल में यहाँ भीषण अकाल पड़ा था। ऐसी परिस्थिति में मुगल बादशाह ने अपनी बहन जहानआरा के नेतृत्व में एक दल को अकाल राहत के लिये भेजा था। जहानआरा की स्मृति में इस स्थान का नाम जहानआराबाद, (बाद में जहानाबाद) रख दिया गया।

T h u r s d a y

# दिवस विशेष

1 अगस्त

मधु प्रिया

## जहानाबाद जिले की स्थापना 1अगस्त





जहानाबाद जिले की स्थापना 1 अगस्त 1986 को हुई थी, क्योंकि 1872 तक जहानाबाद, गया जिले का एक उपमंडल था। जहानाबाद जिले में मौर्य कालीन बहुत से गुफाये है,विश्व प्रसिद्द बाराबर गुफा भी जहानाबाद में ही है जहां बाबा सिद्धेश्वरनाथ का एक अत्यंत प्राचीन मंदिर है। इस जिले का नाम जहानाबाद क्यों रखा गया, इसका एक छोटा सा इतिहास है, जहानाबाद का नाम मुग़ल शासक शाहजहाँ और उनकी पत्नी अरजुमंद बानू बेगम की पुत्री जहाँआरा बेगम साहिब के नाम पर रखा गया था, इनका जन्म 2 अप्रैल 1614 में हुआ था, इसलिए उनके नाम पर ही इस स्थान का नाम जहानाबाद रखा गया। जहानाबाद जिला, बिहार की राजधानी पटना से रेलमार्ग से 45 एवं सड़क मार्ग से 56 किलोमीटर दूर दरधा नदी एवं यमुना नदी के संगम पर स्थित है। इसके उत्तर में पटना, दक्षिण में गया, पूरब मे नालंदा एवं पश्चिम में अरवल जिला है। सम्पूर्ण जिले की भूमि समतल मैदानी क्षेत्र है। सोन, पुनपुन, फल्गू, दरधा और यमुना नदियां इस जिले से होकर गुजरती हंै। सिर्फ सोन एवं पुनपुन नदी जहानाबाद जिले के पश्चिमी किनारे को छूती हुई गुजरती हैं। जहानाबाद जिले में 3 विधान सभा सीट है, जहानाबाद, घोसी,मखदुमपुर

जहानाबाद जिले में कूल 7 प्रखंड है, जिसके अंदर 93 पंचायत, एवं 631 गांव है।

# जयंती विशेष 01 अगस्त

राकेश कुमार




**पुरुषोत्तम दास टंडन** *Purushottam Das Tandon*, जन्म- 1 अगस्त, 1882, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश; मृत्यु- 1 जुलाई, 1962) आधुनिक भारत के प्रमुख स्वाधीनता सेनानियों में से एक थे। वे 'राजर्षि' के नाम से भी विख्यात थे। उन्होंने अपना जीवन एक वकील के रूप में प्रारम्भ किया था।

# Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 01.08.2024

## भावनात्मक बुद्धि

भावनात्मक बुद्धिमत्ता (ईआई) आपकी अपनी भावनाओं को प्रबंधित करने और अपने आस-पास के लोगों की भावनाओं को समझने की क्षमता है। ईआई के पाँच मुख्य तत्व हैं: आत्म-जागरूकता, आत्म-नियमन, प्रेरणा, सहानुभूति और सामाजिक कौशल।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



केरल के **वायनाड जिले** में भूस्खलन और बाढ़ से **123 लोगों** की मौत और **128 घायल** हो गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कई लोग अब भी **लापता** हैं। इंडियन आर्मी लगातार **बचाव कार्य** में जुटी हुई है।

TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## ओलम्पिक से

**26 जुलाई से 11 अगस्त**

**पेरिस ( फ्रांस )**

हॉकी स्टिक ने दिलाए है भारत को

## ओलंपिक में सबसे ज्यादा मेडल

| Year | Medal |
|---|---|
| 1928 | Gold |
| 1932 | Gold |
| 1936 | Gold |
| 1948 | Gold |
| 1952 | Gold |
| 1956 | Gold |
| 1960 | Silver |
| 1964 | Gold |
| 1968 | Bronze |
| 1972 | Bronze |
| 1980 | Gold |
| 2021 | Bronze |



# 1 अगस्त



महान स्वतंत्रता सेनानी

"भारत रत्न"

## पुरुषोत्तम दास टंडन

की जयंती पर उन्हें

शत्-शत् नमन

1 अगस्त 1882 - 1 जुलाई 1962

www.teachersofbihar.org

Punita Kumari

1 अगस्त

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



## महान स्वतंत्रता सेनानी

# लोकमान्य बालगंगाधर तिलक

## की पुण्यतिथि पर सादर नमन

जन्म:- 23 जुलाई 1856 - मृत्यु:- 1 अगस्त 1920

www.teachersofbihar.org

Punita Kumari

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS





# पुरुषोत्तम दास टंडन

**की पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन।**

जन्म : 1 अगस्त 1882 - मृत्यु : 1 जुलाई 1962

Madhu priya


1अगस्त
पुण्यतिथि
बाल गंगाधर तिलक
(23 जुलाई 1856-1 अगस्त 1920)
की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन।
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
www.teachersofbihar.org
Madhu priya

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार
Department of School Education & Literacy
Ministry of Education,
Government of India

PM SHRI

# बिहार के विद्यालयों में

# शिक्षा सप्ताह

Celebrating Day 2

## शिक्षा सप्ताह FLN दिवस







Ravi Sharma








प्रा० वि० प्रखंड कॉलोनी
फुलवारी शरीफ पटना

द्वारा शिक्षाहित में प्रेषित

01 अगस्त 2024

# Teachers of Bihar


The Change Makers

## आज का सुविचार

किताब से ज्यादा वफादार

कोई दोस्त नहीं होता।

**अर्नेस्ट हेमिंग्वे**



राकेश कुमार